आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. प्रदर्शनी मैदान में आयोजित दो दिवसीय नारियल महोत्सव आज से शुरू।
2. द्वीप समूह के उपराज्यपाल ने विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर, की जा रही गतिविधियों के प्रयासों में तेजी लाने के निर्देश दिए।
3. गृह मंत्रालय ने नागरिक सुरक्षा की तैयारियों को मजबूत करने के लिए विशेष प्रशिक्षण की नई पहल शुरू करने की घोषणा की।
4. पर्यटन निदेशालय सर्फ प्रतियोगिता के लिए चयन पहली नवंबर को आयोजित करेगा।

<><><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय प्रशासन और संबद्ध विभागों के सहयोग से द्वीप नारियल महोत्सव का आयोजन कर रहा है। नारियल का उत्सव – द्वीपों की संस्कृति, व्यंजन और शिल्प विषय के साथ ये दो दिवसीय उत्सव आज और कल शाम 5 बजे से प्रदर्शनी मैदान में आयोजित होगा। शिक्षा विभाग की ओर से आज शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए नारियल थीम पर आधारित पेंटिंग गतिविधियां, जबकि कल स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से हस्तशिल्प निर्माण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसके अलावा आज पुरूष और महिला दोनों वर्गों के लिए नारियल छीलने, नारियल व्यंजन पकाने, नारियल आधारित कला एवं हस्तशिल्प प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन भी किए जाएंगे।

<><><><><><><><>

द्वीप समूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और सचिव (शिक्षा) के साथ बैठक की। बैठक में शिक्षा विभाग के लंबित कार्यों, अवैध घुसपैठ, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा कानून–व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को भूमि अतिक्रमण पर

अंकुश लगाने और स्वाइन फीवर की रोकथाम तथा उपचार के प्रयासों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के उपराज्यपाल के निर्देशानुसार, 30 अक्टूबर को लोक निवास में जनता दर्शन आयोजित किया जाएगा। सभी इच्छुक व्यक्ति अपनी शिकायतों और अनुरोधों के साथ राज्य पोर्टल andamannicobar.gov.in और दक्षिण अंडमान जिले की वेबसाइट southandaman.nic.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकते है। इसके अलावा आम जनता दक्षिण अंडमान उपायुक्त के कार्यालय में दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे के बीच व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण करा सकते है। पंजीकरण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किए जाएंगे जबकि वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर है।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय बच्चों में खेल कौशल विकसित करने के उद्देश्य से 9 से 16 वर्ष के आयु वर्ग के स्कूली बच्चों के लिए कोचिंग कक्षाएं आयोजित करने जा रहा है। इनमें एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, शतरंज, क्रिकेट, साइकिलिंग, फुटबॉल, टेबल टेनिस, हॉकी, तैराकी और वॉलीबॉल जैसे खेल शामिल है। इच्छुक उम्मीदवार सभी कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच नेताजी स्टेडियम से पंजीकरण फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पुलिस मेरीन बल की ओर से कल हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक, बलराम ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा हिन्दी हमारी राजभाषा होने के साथ–साथ प्रशासन को आम जनता से जोड़ने का एक सरल, प्रभावी एवं सशक्त माध्यम है। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि कार्यशाला के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं व्यावहारिक सुझावों को अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में अवश्य अपनाया जाए, ताकि राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को और

अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके । इस अवसर पर सचिवालय के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी सत्यानारायाण ने अपने विचार रखे। इस कार्यशाला में पुलिस के विभिन्न इकाइयों के कुल 54 अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

गृह मंत्रालय ने नागरिक सुरक्षा की तैयारियों को मजबूत करने के लिए भारतीय सेना के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण की एक नई पहल शुरू करने की घोषणा की है। इसके अंतर्गत नागरिक सुरक्षा के कुशल प्रशिक्षकों को भारतीय सेना द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। इसका उद्देश्य देश में एक मजबूत नागरिक सुरक्षा नेटवर्क तैयार करना है। पहले चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तीन दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले चरण में नवंबर के दूसरे सप्ताह तक प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के कुल 600 कुशल प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। इस पहल के अंतर्गत नागरिक सुरक्षा कर्मियों को मौजूदा सुरक्षा खतरों, आपात स्थितियों और चुनौतीपूर्ण हालात से निपटने के लिए तैयार किया जाएगा। प्रशिक्षण में खतरे की पहचान, बचाव और आपात कार्रवाई तथा संचार और समन्वय जैसे विषय शामिल होंगे।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय, सर्फ़िंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से लिटिल अंडमान में सर्फ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। इसके लिए 5 मिनट से कम समय में 200 मीटर तैराकी, सर्फ फिटनेस टेस्ट और व्यक्तिगत साक्षात्कार में सफल होने वाले छह उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा, जिन्हें यह पाठ्यक्रम निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। अन्य उम्मीदवारों को अपने प्रमाणन शुल्क का भुगतान स्वयं करना होगा। चयन पहली नवंबर को लिटिल अंडमान में आयोजित होगा। 18 वर्ष से अधिक आयु के इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों के साथ 28 अक्तूबर तक गूगल फार्म के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र 2026–2027 के लिए अतिथि संकाय के पैनल तैयार करने हेतु इच्छुक उम्मीदवारों के लिए सीधे साक्षात्कार 26 अक्टूबर को सवेरे 10 बजे से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। निर्धारित प्रारूप विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते है।

<><><><><><><>

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के सिलसिले में सतर्कता विभाग और मध्योत्तर अंडमान के उपायुक्त कार्यालय, द्वारा संयुक्त रूप से कल मायाबंदर के जिला सम्मेलन सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य सार्वजनिक प्रशासन में अखंडता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर सार्वजनिक सेवा में जवाबदेही से संबंधित विभिन्न विषयों पर पावरपॉइंट प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसमें निवारक सतर्कता के महत्व, निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के पालन, तथा निष्पक्ष, कुशल और नागरिक–केंद्रित सेवा वितरण सुनिश्चित करने में लोक सेवकों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन निदेशालय ने सभी मछली पालकों, हैचरी ऑपरेटरों, मत्स्य पालन खेती उद्यमियों और अन्य हितधारकों को सलाह दी है कि वे मत्स्य पालन खेतों में चारे के रूप में बूचड़खाने के कचरे, पोल्ट्री अवशेषों, पशुओं के शवों और अन्य असंसाधित पशु–जन्य अपशिष्ट सामग्रियों का उपयोग करने से बचें। सभी संबंधितों को गुणवत्ता–आश्वासन युक्त, पोषण संबंधी संतुलित फॉर्मुलेटेड एक्वा फीड का उपयोग करने और उचित फार्म स्वच्छता तथा जल गुणवत्ता प्रबंधन सहित एक्वाकल्चर पद्धतियों को अपनाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से राजकीय माध्यमिक विद्यालय, डिगनाबाद में बाल अधिकार और जिम्मेदारियां विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा, जिम्मेदारियों और दुर्व्यवहार, उपेक्षा तथा शोषण से खुद को बचाने के महत्व के बारे में जागरूक करना था। सत्र के दौरान, राज्य बाल संरक्षण

समिति की कार्यक्रम प्रबंधक, रेहानथ बेगम ने बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, समानता, गरिमा, विकास और संरक्षण के अधिकार और चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><><>